7

Title: Re: Operation of Broad Gauge from Indore to Akola.

श्री ज्ञानेश्वर पाटिल (खण्डवा) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है, उसके लिए आपका धन्याद । मेरे खंडवा संसदीय क्षेत्र का रेलवे से संबंधित एक विषय है । इंदौर से अकोला (महाराष्ट्र) तक ब्रॉडगेज का काम चालू है । मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग भी है । खंडवा से लेकर सनावद तक का जो रेलवे ट्रैक है, वह लगभग बनकर तैयार है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि इंदौर से अकोला ब्रॉडगेज को जल्द से जल्द शुरू किया जाए । सनावद से लेकर खंडवा तक के ब्रॉडगेज का काम पूरा हो चुका है, उसको तत्काल शुरू किया जाए, ताकि वहां के श्रद्धालुओं व यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके ।